In view of the above the JDF and associations of other central medical institutions have decided to call off the strike and join duty immediately.

Sd/-
(Dr. Lokesh Kumar)
Convenor, J.D.F.

Sd/- 13-11-1986
(Dr. Amit Kumar Mitra)

Sd/- 13-1-86
(Dr. Sharad Mithal)

Sd/-
(S. P. Roy Chaudhuri)

Sd/-
(Ashish Mital)
President, RDA, AIIMS

Sd/-
(P. P. CHAUHAN)
Joint Secretary
Ministry of Health and F.W.
Government of India.

Sd/- 13-1-86
(Dr. Ajit Kumar Chopra)

Sd/- 13-11-86
(Dr. K. B. Bala Raju)

Sd/-13-11-86
(Mathew Varghese)
Maulana Azad Med. College)

Sd/-
(Ashok Kumar Hemal)
President, R. D. A.
Safdarjung Hospital.

यूरेनियम की तस्करी

*180. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जादुगुडा खानों से चीन और पाकिस्तान को यूरेनियम की तस्करी की जा रही है ;

(ख) इन अपराधों के संबंध में अब तक कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और कितने मामलों की जांच की गई है ; और

(ग) तस्करी की इन गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल): (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न उठता ही नहीं।

(ग) जादुगुडा स्थित यूरेनियम खान तथा मिल कम्पलैक्स में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों के अधीन सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किए हुए हैं। ये कार्मिक रात-दिन ड्यूटी पर रहते हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने और जादुगुडा से यूरेनियम सांद्र की चोरी होने को रोकने की दृष्टि से उस स्थान के आसपास जहां से तैयार माल संयंत्र से बाहर आता है, बाड़ लगी हुई है और तीनों पारियों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिक उस जगह की निगरानी करते हैं।

छोटे तथा मझले आकार के रंगीन टेलीविजनों तथा रंगीन ट्यूबों का विनिर्माण

@1307. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में टेलीविजन विनिर्माताओं की संख्या कितनी-कितनी है तथा श्वेत-श्याम टेलीविजन तथा रंगीन टेलीविजन के उत्पादन के संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ख) टेलीविजन सैटों की कम मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या योजनायें बनाई गई हैं ;

@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 564, 27 फरवरी, 1989 से स्थानांतरित।